शिवाम्बु से व्यक्ति केवल रोगमुक्त ही नहीं होता, बल्कि उसकी लाभदायक प्रतिक्रिया से कोई लेखक, कोई कवि, कोई वक्ता तो कोई गायक बन गया है, उसका यह ज्वलंत उदाहरण है। आचार्य

के चर्म रोग और जीवाणु विषाणु संसर्ग (Infection) सिर्फ मूत्र में भिंगोई हुई पट्टी रखने या मूत्र की मालिश करने मात्र से चमत्कार की भाँति मिट जाते हैं। आप खुद सोचिए, इस चमत्कारिक और लोकोपयोगी जानकारी के लिए क्या नोबेल पुरस्कार भी पर्याप्त कहा जा सकता है?

५. अतिशय दुखदाई व असाध्य समझा जानेवाला गठिया (Arthritis) स्वमूत्र-चिकित्सा से आसानी से मिट जाता है। संधिवात के जो रोगी खाट से न उठ पाते हों और सालों तक बिस्तर पर पड़े हों, वे आज दौड़ने की क्षमता प्राप्त कर चुके हैं, हमारे पास ऐसे कई उदाहरण हैं।

–डॉ. जी०के०ठक्कर

वाटर ऑफ लाइफ फाउंडेशन

यहाँ मैं वाटर ऑफ लाइफ फाउंडेशन (इंडिया) ट्रस्ट के बारे में जानकारी देते हुए गर्व अनुभव करता हूँ। इसकी स्थापना दिसंबर १९८९ में स्व. पू. मोरारजी देसाई की प्रेरणा व आशीर्वाद से हुई थी। उन्होंने इस गंदी समझी जानेवाली चिकित्सा को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और गौरव प्रदान करवाया है। इस संस्था का प्रमुख उद्देश्य पीड़ित और दुःखी मानव-जाति की सहायता हेतु स्वमूत्र चिकित्सा की बहुमूल्य उपयोगिता की जानकारी पूरी दुनिया में पहुँचाना है।

इस फाउंडेशन के सभी ट्रस्टी स्वमूत्र-चिकित्सा (शिवाम्बु) के संनिष्ठ उपासक और समर्पित प्रचारक हैं। इनमें अनेक डिग्रीधारी मानवतावादी डॉक्टर भी शामिल हैं, जो मिशनरी ढंग और समर्पणभाव से इस दैवी एवं प्राचीन होते हुए भी आधुनिक और अब विश्वमान्य, प्रभावी, सरल, प्रतिक्रियारहित, निःशुल्क चिकित्सा-पद्धति की जानकारी जनसाधारण तक पहुँचाने के मानवीय कार्य में तन, मन, धन से जुट गये हैं।

इसके प्रचार हेतु हम स्कूल, कॉलेज, क्लब, सेवा-संस्थाओं आदि विभिन्न स्थानों पर व्याख्यान, वार्तालाप, सेमिनार, कान्फरेन्स, सम्मेलन आदि का आयोजन करते हैं। भारत के विभिन्न प्रांतों में

पत्रकार-सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाता है, जिससे भारत के कोने-कोने में शिवाम्बु की उपयोगिता की जानकारी पहुँचे। हम फाउंडेशन की ओर से दिये गये पते पर शिवाम्बु सलाह-केन्द्र भी चलाते हैं, जिसका लाभ आज तक पाँच हजार से अधिक रोगियों ने लिया है और लगभग इतने ही रोगियों को पत्रों एवं फोन से जानकारी दी गयी है।

प्रथम वर्ल्ड कान्फरेन्स की जानकारी :

अपने जीवन में संजोया हुआ मेरा स्वप्न तब साकार हुआ, जब हमारे फाउंडेशन द्वारा फरवरी १९९६ के अंतिम सप्ताह में आयोजित शिवाम्बु कल्प पर आधारित प्रथम विश्व कॉन्फरेन्स भारत स्थित गोवा में अपूर्व सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इसके पूर्व स्वमूत्र चिकित्सा की ऐसी कॉन्फरेन्स विश्व के किसी भी देश में नहीं हो पायी थी। यह सौभाग्य हमारी संस्था द्वारा भारत को प्राप्त हुआ। हमलोगों ने इस कॉन्फरेन्स की तैयारी के लिए पिछले दो वर्षों से बहुत परिश्रम किया था। पिछले दस वर्षों से हमने भारत-सहित विश्व के अनेक शिवाम्बु चिकित्सकों, प्रचारकों तथा लेखकों से पत्र-व्यवहार, टेलिफोन वार्ता के माध्यम से या वैयक्तिक तौर पर जो संपर्क स्थापित किये थे, उन्हीं के फलस्वरूप यह विश्व सम्मेलन आयोजित करने का भगीरथ कार्य संभव हो सका। मेरे समर्पित सहयोगियों का अमूल्य योगदान भी इसमें पूर्णतया शामिल है। खासकर मेरे सहयोगी फाउंडेशन के ट्रस्टी व गोवा ब्रांच के चेयरमेन श्री देविदास तिरोडकर के अथक प्रयास के बिना इस कॉन्फरेन्स का आयोजन असंभव था।

इस कॉन्फरेन्स में भाग लेनेवाले लगभग ६०० प्रतिनिधि विश्व के अठारह देशों भारत, श्रीलंका, आस्ट्रिया, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, दुबई, फ्रान्स, जर्मनी, ईरान, इसरायल, इटली, जापान, चीन, नीदरलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, स्वीट्जरलैंड आदि से पधारे थे। इनमें अनेक डिग्रीधारी डॉक्टरों एवं सर्जनों का समावेश था। उन्होंने शिवाम्बु चिकित्सा पर अपने शोध-प्रबंध इस कॉन्फरेन्स में प्रस्तुत किये थे।

विदेश के ६० प्रतिनिधि कॉन्फरेन्स में शामिल हुए थे, जिसमें २० जर्मनी के और ६-६ जापान, चीन व नीदरलैंड के एवं बाकी अन्य

संपर्क स्थापित कर इस चिकित्सा की पूर्ण जानकारी प्राप्त की और वे लाभान्वित हुए हैं।

भारत के विभिन्न प्रांतों और कई देशों के अगणित शिवाम्बु प्रेमियों ने मेरी किताब से प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त कर, मेरी व्यक्तिगत सलाह लेकर या रेडियो और टी०वी० पर मेरा वार्तालाप सुनकर स्वमूत्र-चिकित्सा द्वारा असाध्य रोगों से मुक्ति पायी है। वे जब यह खुशखबर पत्रों द्वारा, फोन से या रू-ब-रू मुझे सुनाते हैं, तब मेरा मन खुशी से झूम उठता है और मैं एक प्रकार की धन्यता का अनुभव करता हूँ, जिसका शब्दों में वर्णन करना असंभव-सा प्रतीत हो रहा है। शिवाम्बु-चिकित्सा के मेरे गुरु स्व० किसनलाल तेजपाल लोगों की घृणा दूर करने के लिए खुद दूसरों का मूत्र पी लेते थे, लेकिन मेरा प्रवचन सुननेवालों एवं मेरी किताब पढ़नेवालों की घिन तुरत दूर हो जाती है और वे स्वमूत्र पीना प्रारंभ कर देते हैं।

स्व० किसनलाल तेजपाल का यह योगदान कृतज्ञ चिकित्सा प्रेमियों के लिए अभूतपूर्व उदाहरण है। मानव-कल्याण के प्रति अंतर्तम से समर्पित व्यक्ति ही इस प्रकार की साहसपूर्ण सेवा प्रदान कर सकता है। इस प्रकार का साहस किसी भी प्रकार की क्रान्ति के लिए प्रेरक प्रमाणित हो सकता है। वंदनीय है मेरे गुरु। इसे मैं दैवी प्रेरणा का चमत्कार ही मानता हूँ। इसी संदर्भ में पिछले वर्ष की एक मजेदार घटना का उल्लेख कर रहा हूँ। गत वर्ष बान्द्रा स्थित जॉगिंग पार्क में ए.टी.वी. प्रोजेक्ट लि. द्वारा आयोजित जॉगिंग रेस कम्पीटिशन का उद्घाटन जाने-माने सिने स्टार स्व० बलराज साहनी के बेटे परीक्षित साहनी के हाथों हुआ था। मैंने उस जॉगिंग रेस में भाग लिया था और उसमें मैंने बेस्ट जॉगर की ट्रॉफी जीती थी। वहाँ मेरी मुलाकात परीक्षित साहनी से हो गयी। मैंने अपनी आदत के अनुसार उन्हें खड़े-खड़े ही पाँच मिनटों में शिवाम्बु को चमत्कारिक उपयोगिता की बातें बतायीं। उसे सुनकर वे बहुत प्रभावित हो गये और कहने लगे-'ठक्कर साहब! मैं आज ही स्वमूत्र पीना शुरू कर देता हूँ।" यह है शिवाम्बु की उपयोगिता का चमत्कार।

मेरे संपर्क में आकर या मेरी किताबों को पढ़कर अनेक डिग्रीधारी मानवतावादी डॉक्टर और साधु-संत भी स्वमूत्र चिकित्सा की ओर आकर्षित होकर मेरे शिवाम्बु मिशन में सहभागी बन चुके हैं। उनमें से विशेष रूप से दो डॉक्टर उल्लेखनीय हैं-डॉ० जगदीप टी० शाह, (M.D., D.G.O., M.C.P.S.) और डॉ० बी०जी० शिंदे (M.S.D.O.R.L.) जिन्होंने स्वमूत्र-चिकित्सा की स्वयं अनुभूति प्राप्त करने के पश्चात् हमारे वाटर ऑफ लाइफ फाउंडेशन (इंडिया) का ट्रस्टीपद स्वीकार कर लिया है। अब वे तन, मन, धन से शिवाम्बु प्रचार के मानवीय कार्य में जुट गये हैं। इस बात का मुझे गर्व है। हाल ही में मुम्बई के सुप्रसिद्ध (Urologist Surgeon) डॉ० बी०वी० खरे से मेरा परिचय हुआ, जो ग्रांट मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि वे स्वयं २० वर्षों से शिवाम्बु प्राशन कर रहे हैं और उन्होंने लगभग ३००० रोगियों को शिवाम्बु चिकित्सा द्वारा लाभान्वित किया है। आपको जानकर खुशी होगी कि ऐसे महान् शिवाम्बु साधक को हमने अपनी Water of Life Foundation, India संस्था का ट्रस्टी बना लिया है। उन्होंने सहर्ष ट्रस्टीपद स्वीकारते हुए तुरत ६००० रुपये की धनराशि चेक द्वारा संस्था के नाम दान के रूप में प्रदान की। मानव जाति के लिए यह अति सौभाग्य की बात है कि ऐसे अनेक मानवतावादी, डिग्रीधारी, डॉक्टर्स निस्वार्थ भाव से शिवाम्बु-प्रचार के मानवीय कार्य में प्रविष्ट हो रहे हैं। भारतीय नौसेना के रिटायर्ड प्रमुख एडमिरल एल० रामदास और उनकी धर्मपत्नी ललिता रामदास मेरी पुस्तक 'Wonders of Uropathy' पढ़कर केवल शिवाम्बु की ओर आकर्षित ही नहीं हुए, बल्कि वे शिवाम्बु प्राशन भी करने लगे हैं और इसके प्रचारक भी बन गये हैं। निकट भविष्य में शिवाम्बु की उपयोगिता की अनमोल जानकारी एडमिरल रामदास के माध्यम से नौसेना के साथ-साथ थलसेना एवं वायुसेना के जवानों तक भी अवश्य पहुँचेगी, जिससे उनके स्वास्थ्य व शौर्य में अभूतपूर्व वृद्धि होगी और वे भारतमाता की रक्षा करने में अधिक समर्थ व सक्षम हो सकेंगे। एडमिरल रामदास के प्रचार के फलस्वरूप

२. प्रस्तावना

हमारे शिवाम्बु-ऋषि, स्वमूत्र-चिकित्सा के महान् उपासक एवं प्रचारक, भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व० पू० मोरारजी देसाई ने अगर विश्व के समक्ष बेधड़क व खुलेआम यह न जाहिर किया होता कि वे नियमित तौर पर स्वमूत्र-प्राशन करते हैं और उनकी दीर्घायु एवं असाधारण स्वास्थ्य का रहस्य शिवाम्बु ही है, तो जो बहुमूल्य एवं अत्यन्त उपयोगी जानकारी आपको इस पुस्तिका द्वारा प्राप्त होने जा रहा है, जो हमारे भारत जैसे गरीब देश के लिए वरदान सिद्ध हो जाती है और जिसमें साधारण सर्दी, जुकाम से लेकर कैन्सर तक और आर्थाइटिस (गठिया) से लेकर महाविनाशक एड्स तक के प्राय: सभी रोग मिटाने की क्षमता भरी पड़ी है, वह आजतक काल-कोठरी में पड़ी होती और पूरी मानव-जाति शिवाम्बु अर्थात् स्वमूत्र चिकित्सा के दैवी, कल्याणकारी, संजीवनी-समान गुणों से वंचित रह गयी होती। स्व० मोरारजी भाई ने उपर्युक्त घोषणा द्वारा इस गंदी समझी जानेवाली, अनमोल चिकित्सा को विश्वख्याति व गौरव प्राप्त करा दिया। हम सब उनके इस मानवीय कार्य के लिए हमेशा ऋणी रहेंगे।

प्रसंगवश मिलने पर वे मुझसे अक्सर कहा करते थे–"बेटे! अति सौभाग्यशाली व्यक्ति को ही इस दैवी और अमूल्य चिकित्सा की जानकारी प्राप्त हो जाती है और जिसके भाग्योदय की घड़ी निकट आई, हो, वही शिवाम्बु सेवन करने को तत्पर होता है।" अपने ३० वर्ष के अनुभव के आधार पर उन्होंने कहा था–"प्राय: दो प्रकार (वर्ग) के लोग इस चिकित्सा की ओर मुड़ते हैं। एक तो वे, जिनको डॉक्टरों, हकीमों ने कहा दिया हो कि अब उनके पास उनके लिए कोई भी इलाज बाकी नहीं रहा है। मरता क्या नहीं करता? दूसरे वर्ग में आते हैं मेरे-तुम्हारे जैसे क्रांतिकारी। मुझे उनके इन विधानों में जरा भी अतिरेक नहीं लगता; क्योंकि आज की निरंतर बढ़ती महँगाई के समय में मानव जाति को कैंसर, किडनी फेल्योर, डायबिटीज, हृदयरोग, गठिया आदि और अब महाविनाशक एड्स जैसे अनेक असाध्य रोगों ने काल-सर्प

की भाँति बुरी तरह घेर लिया है और इन लोगों के अति महँगे परीक्षण व इलाज के कुचक्र में फँसकर अनेक लोगों के घर-परिवार तबाह हो रहे हैं। ऐसे माहौल में इस सरल, सुलभ, हानिरहित अनुभवसिद्ध, नि:शुल्क होते हुए भी अति उपयोगी संजीवनी तुल्य इस चिकित्सा का महत्त्व कई गुना बढ़ गया है। एक तरफ हमारे जन्मदाता ने हमें जन्म के साथ ही हमारी देखभाल व स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अनमोल औषधि (स्वमूत्र) की भेंद दे रखी है, दूसरी तरफ हमारी लालची, बेबसी, दुर्भाग्य और विडम्बना देखिए कि बेचारे कस्तूरीमृग की तरह हम हानिप्रद, अति महँगी आधुनिक चिकित्सा के चक्कर में फँसकर, सब कुछ गँवाकर, बेमौत मरते दम तक इस अनमोल भेंट की जानकारी से ही वंचित रह जाते हैं। लेकिन आज हमारा दुर्भाग्य सद्भाग्य में परिवर्तित होने जा रहा है। आप इस पुस्तिका के कुछ पन्ने पढ़कर ही विस्मित होकर खुशी से झूम उठेंगे और भगवान का उपकार मानेंगे कि आपके हाथों में यह अमूल्य पुस्तिका आ गयी है। इस संबंध में एक श्लोक प्रस्तुत किया जा रहा है–

यदा यदा हि स्वास्थस्य हानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानं च रोगाणां तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

अर्थात् हे मानव! (इस कलिकाल में) जब-जब स्वास्थ्य की हानि होती है और भयंकर रोगों की वृद्धि होती है, तब-तब मैं अपने आपका सृजन करता हूँ।

एथेन्स (ग्रीस) में अप्रैल १९८९ में आयोजित 'वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ काम्प्लीमेंटरी मेडिसिन्स' के आयोजकों की ओर से मुझे स्वमूत्र चिकित्सा पर शोध-निबंध प्रस्तुत करने का आमंत्रण मिला था। मैंने 'Wonders of Uropathy' नामक शोध-निबंध पुस्तिका के रूप में प्रस्तुत किया था। उन कॉन्फ्रेंस में करीब सौ देशों से लगभग ६०० प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। उन सभी प्रतिनिधियों ने भारत की इस दैवी चिकित्सा में इतनी गहरी रुचि दिखाई थी कि मुझे दिया हुआ १५ मिनट का समय सभी प्रतिनिधियों के आग्रह के कारण बढ़ाकर ४५ मिनट का कर दिया गया, फिर भी श्रोताओं को पूरा संतोष नहीं हुआ

जिनकी जाँच और परीक्षण किया हुआ है। आपलोगों को बतलाना चाह रहा हूँ। जिससे समाज में सभी आदमी लाभ ले सकें और ये अनुभव मेरे साथ समाप्त न हो जाए, इसलिए आपलोगों को बता रहा हूँ।

किडनी के पथरी, जिसका इलाज निम्नलिखित है

पत्थल चट्टा का एक पौधा होता है, जो शिवमंदिर में लगा दिया गया है। मेरे घर में भी यह पौधा है। इसकी ताजी ४ पत्ती सुबह में तोड़ लें तथा एक चुटकी सेंधा नमक मिलाकर सीलवट में पीस लें, छानकर खाली पेट में पी लें। आधा घंटा तक कुछ नहीं खायें तथा नाश्ता करने के बाद सीस्टोन गोली (आयुर्वेदिक) २ खालें तथा २ गोली रात में खाना खाने के बाद खा लें। परहेज ४० दिन टमाटर, पालक साग, या कोई भी तरह का साग नहीं खायें। ४१वाँ दिन अल्ट्रासाउण्ड करा के देखें, आपकी पथरी खत्म हो जाएगी। पित की थैली में हो, तो ठीक नहीं होगा, उसका तो ऑपरेशन ही कराना होगा।

पेट खराब हो जाता है, पतला पखाना शुरू हो जाता है। इसका इलाज निम्नलिखित है–

१ कप चाय में चीनी की चाय में दूध नहीं डालें, चाय बनने के बाद कप में छान लें। २ चम्मच ठंडा पानी उसमें डाल दें और पी लें। एक कप या ज्यादे से ज्यादा ४ घंटे बाद १ कप पी लें। बिल्कुल पेट नोरमल हो जाएगा।

१. प्रारम्भिक दो शब्द

डॉ० जी०के० ठक्कर द्वारा लिखी गयी 'शिवाम्बु गीता' के लिए प्रारंभिक दो शब्द लिखते हुए मैं अत्यधिक आनंद व गौरव का अनुभव कर रहा हूँ। हजारों वर्षों पहले लिखे 'डामर तंत्र' नामक ग्रंथ में १०७ श्लोकों द्वारा भगवान शंकर ने पार्वतीजी को उपदेश के रूप में शिवाम्बु की महत्ता बतायी थी। उसी तरह आयुर्वेद के भी प्रायः सभी ग्रंथों में स्वमूत्र-चिकित्सा को स्पष्ट उल्लेख में आता है।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व० मोरारजी देसाई ने शिवाम्बु सेवन को प्रतिष्ठा प्रदान उन्होंने स्वयं शिवाम्बु प्रयोग का अनुभव किया था और वे लाभान्वित भी हुए थे। आज विश्वभर का ध्यान इस ओर आकृष्ट हुआ है। दिलचस्प यह है कि अनेक लोगों ने स्वमूत्र का प्रयोग कर अपने कई रोगों से मुक्ति प्राप्त कर ली है, भले ही वे इस बात की चर्चा खुलेआम न करते हों।

मैं ऐलोपैथी का डॉक्टर और युरोलोजिस्ट सर्जन हूँ। पिछले २६ सालों से एशिया के सबसे बड़े जे०जे० ग्रुप ऑफ अस्पताल में ऑनरेरो सर्जन के तौर पर सेवा प्रदान करने के साथ-साथ, मुम्बई यूनिवर्सिटी में एम०बी०बी०एस० व एम०एस० के विद्यार्थियों का परीक्षक रहा हूँ। पिछले २० वर्षों से शिवाम्बु का उपासक होने के नाते, विविध असाध्य रोगों से पीड़ित ३००० से अधिक रोगियों को मैंने मार्गदर्शन प्रदान किया है।

सन् १९७५ में मेरे पास कैन्सर से पीड़ित एक नवयुवक मेरी सलाह के लिए आया था। उसने मुम्बई की टाटा मेमोरियल अस्पताल में गले की गाँठ (Hodgkin's Diseases) का ऑपरेशन करवाया था, लेकिन पूरी गाँठ नहीं निकल पायी थी। उसे टाटा अस्पताल के डॉक्टरों ने कह दिया कि वह साल-डेढ़ साल का मेहमान है। इसके बाद वह घबराकर मेरे पास आया था। उस वक्त मैं श्री रावजीभाई पटेल की लिखी 'मानव-सूत्र' पढ़ रहा था। इस कारण मैंने उसे हिचकिचाते हुए शिवाम्बु उपचार करने को कहा। यह चिकित्सा उसने श्रद्धा व लगन के

३. लहसुन भी फायदेमंद है।
४. दालचीनी पाउडर एक चम्मच, २ चम्मच शहद के साथ अच्छे से फेंटकर लेते रहें, इससे काफी फायदा होगा।
५. १ चम्मच मेथी रात में गर्मपानी में भिंगो दें। सुबह वह मेथी खा लें एवं पानी पी लें।

इन नुस्खों को हमने सिर्फ बहुत अच्छी जगह से लिया है, अनुभव में नहीं लाया है।

१. पीपल की जटा (दाढ़ी) प्रतिदिन जाती दो तोला लाकर आधा सेर दूध में पकायें। एक पाव शेष रहने पर छान लें और मासिक धर्म होने पर के ५ दिन बाद से सेवन करें और १५वें दिन छोड़ दें, निश्चय ही पुत्र होगा।
२. ढाक का पत्ता ताजा लेकर उसे दूध में पीसकर यदि गर्भिणी स्त्री को तीसरे दिन से पाँचवें महीने तक लगातार सेवन कराया जाए, तो उसे सुंदर व दीर्घायु पुत्र उत्पन्न होगा। (घर का डॉक्टर, श्री लोकनाथ पुस्तकालय, सलकिया हावड़ा, १०३ एम.जी.रोड कोलकाता

मासिक धर्म अधिक होने पर :

१. जामुन का ताजा फल १ तोला, १ पाव पानी में पीसकर छानकर, तीनों वक्त १-२ दिन पिलायें तो मासिक धर्म की अधिकता बंद हो जाती है।
२. पुराना काला तिल और पुराना गुड़ दोनों बराबर लें और औंटकर ३ दिन तक उस पानी को दें, तो माहवारी में उतार की शिकायत दूर हो जाएगी।
३. काला तिल, सोंठ, पीपल, कालीमिर्च, मृंगी और गुड़ सभी पकायें। समभाग में लें, काढ़ा बनाकर पिलायें। २०-२१ दिन ऐसे ही काढ़ा पीने से मासिक धर्म की सारी गड़बड़ी दूर हो जाती है।
४. मासिक धर्म में कष्ट हो तो नीम के पत्ते का रस ६ माशा, अदरक का रस १ तोला दोनों को मिलाकर पिलायें तो दर्द में आराम होता है। मासिक के समय नित्य पिलाना चाहिए।
५. तरबूज की बीजों की गिरी लगभग एक सप्ताह तक प्रतिदिन तीन

बार खायी जाए, तो उससे बंद मासिक धर्म चालू हो जाता है।

सफेद दाग :

१. हरताल ४ तोला, बाकुची १६ माशा दोनों को गोमूत्र में पिसकर सफेद दाग में लगायें (लेप करें)।
२. बायविडिंग, त्रिकुटा, नागरमोथा, चित्रक, मीणतेल, वच, गुड़ सभी बराबर मात्रा में लें। कूट-पीसकर लेप बनाकर लगायें।
३. बाकुची (बाबची) का चूर्ण ३ से ६ माशा रोज ताजा फल के साथ लेने से फायदा होता है। या दूध से भी ले सकते हैं।
४. ऊँटनी का दूध आधा किलो, भूने हुए चने ५ तोला दोनों को एक में मिलाकर खूब खत्ल करें। पिुर चने जितनी गोली बना लें और सुबह-शाम खायें तथा तेल खटाई से बचें। अवश्य फायदा होगा।
५. सफेद दाग होने पर उड़द की दाल पीसकर लगायें।

रेशमी साड़ी का दाग कैसे छुड़ायें :

१. कॉफी का दाग–कॉफी के दाग को सूखने दें। उसके बाद कार्बन टैड्राक्लोराइड के द्वारा स्पंज कर साफ करें।
२. क्रीम का दाग–टैड्राक्लोराइड द्वारा स्पंज।
३. फलों के दाग–एल्कली एन ए ३ और अल्को को आपस में बराबर मात्रा में मिश्रित कर स्पंज करें।
४. घास का दाग–अमोनियाँ का ढूंढा पानी पहले दाग पर लगायें, उसके बाद गर्म पानी में नैष्पा साबुन मिलाकर साफ करें।
५. मशीन के तेल का दाग–दागवाले हिस्से के ऊपर कोई कपड़ा या बाल्टींग पेपर रखें और सफेद पेट्रोल (९३ अक्टाइन) को प्रयोग में लायें।
६. खून का दाग–एन.एच. ३ की कुछ कुड़े दस हिस्से हाइड्रोजन पैराक्साइड में मिश्रित कर स्पंज द्वारा छुड़ाने का प्रयत्न करें।

प्रोस्टेस्ड बीमारी :

ये बीमारी सिर्फ मर्द को होती है। पेशाब का रुकना, न होना, इच्छा बना रहना। एलोपैथिक में इसका इलाज ऑपरेशन ही है, जो सफल नहीं है। ये बीमारी मर्द को ५० साल की उम्र में शुरू होती है।

४. अनार के ताजा हरे पत्ते ३० तथा दस कालीमिर्च पीसकर आधा गिलास पानी में घोलकर/छानकर नित्य सुबह-शाम पियें।
५. श्वेत प्रदर होने पर जीरा भुनकर चीनी के साथ लें।
६. दो तोला अरहर के पत्तों को पानी के साथ पीसकर १०-१५ तोला पानी में घोलकर व छानकर पीने से एक ही खुराक में रक्त प्रदर में लाभ होता है।

बीकोलाई (अनुभूत दवा)

गुरुदेव की बतायी हुई दवा एवं आशीर्वाद

१. ८-१० पत्ते हरसिंगार के (बाकस को लेकर) पिसकर छान लें तथा ढाई गोलमिर्च का पाउडर बना लें। रस छानकर गोलमिर्च पाउडर डालें तथा खाली पेट पी लें। जबतक ठीक न हो पीते रहें। काफी लोगों ने इससे लाभ प्राप्त किया है।

२. फोड़े के लिए–सुहागा का पाउडर करके थोड़ा ले लें, थोड़ा-सा आटा मिलाकर लेई कि तरह बना लें तथा घी लगाकर उसके ऊपर बाँध दें। यदि पका न हो तो पक जाता है और फूट जाता है। लगातार बाँधते रहें। यह हमारी माताजी की दवा है। हमलोग बड़े-बड़े फोड़े पर भी इसी के द्वारा अपना काम करते थे। कभी डॉक्टर की जरूरत नहीं पड़ी।

दाँतों के लिए–

१. हल्दी–१०० ग्राम, सेंधा नमक १०० ग्राम, त्रिफला या बहेड़ा १०० ग्राम, नीम की पत्ती या नीम की छाल १०० ग्राम, फिटकरी का फुल्ला १०० ग्राम, बकुल की छाल १०० ग्राम, लौंग १०० ग्राम, अकरकरा के फूल बीज ५० ग्राम, कुगत के बीज ५० ग्राम चने के दाने के बराबर हाथों में लेकर बीच की उंगली से ५ मिनट तक रगड़े, सब बीमारी खत्म।
२. पखाना जाते समय दाँत पर दाँत बैठाकर कसके बैठने से लकवा नहीं होता।
३. दाँत दर्द होने से फिटकरी फोड़कर अरहुल में डाल दें। अग्नि पर चढ़ा दें, धीरे-धीरे पानी हो जाएगा, फिर बतासा की तरह हो

जाएगा। उसे चूर कर उससे १० दिन मंजन कर लें। दाँतों की काफी बीमारियों में आराम मिलता है।
४. हल्दी, नमक, फिटकरी, सरसों तेल का पेस्ट बनाकर दाँतों पर रात में सोते समय मल लें, पानी न लगने दें। इससे दाँत स्वस्थ रहते हैं।
५. दाँतों के लिए शितकारी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम।
६. ५ ग्राम लौंग ३ ग्राम कपूर को बारीक पिस लें। इसे दाँतों में मलकर हम दाँतों को स्वस्थ बना सकते हैं।
७. यदि किसी को दाँतों से चबाने में दर्द होता है, तो रात को सोते समय थोड़ी-सी पिसी हल्दी व सरसों का तेल का दाँतों पर लेप करने के बाद कुछ नहीं खाना-पीना है।

अनिद्रा का इलाज :

१. कुछ दिन रसाहार (संतरा, मौसम्बी, खीरा इत्यादि का रस) मौसम के अनुसार।
२. फिर अपक्वाहार, फल, सब्जी, अंकुरित, इसके बाद सामान्य संतुलित आहार।
३. लौकी का रायता खायें, दूध, दही, मट्ठा का सेवन।
४. दही में शहद, सौंफ, कालीमिर्च मिलाकर खायें। नींबू-शहर का पानी लें। छोटा हरड़ चुसें। तला-भूना न खायें। लंबी गहरी साँस लेते हुए नंगे पैर घास पर टहलना, नियमित व्यायाम, दौड़, एनिमा, मिट्टी पट्टी, जल लेली, कटि स्नान, मेहस्नान, रीढ़ स्नान, साप्ताहिक गीली चादर लपेटें, सोने से पहले गर्म पाद स्नान।
५. सोते समय पैर के तलवे पर सरसों तेल की मालिश।
६. सूर्यतप्त नित्य तेल सिर में लगायें।

---

१. यदि लोहे से चोट लगी हो, तो तुरत गुड़ गर्म कर बाँध लें। इस तरह बाँधते रहें। किसी भी हाल में नहीं पकता। यह सब दवा हमलोग रोजमर्रा में करते थे। डॉ० भी आवश्यकता नहीं पड़ती थी।
२. घी-हल्दी पकाकर सेंकने से भी काफी आराम मिलता है।

डेंगू के लिए :

से लाभ मिलता है।

कान का दर्द—लहसुन का तेल (सरसों के तेल में लहसुन पकाकर) दो-दो बूँद कान में डालने से आराम मिलता है।

प्याज का रस जरा-सा गर्म करके दो-तीन बूँद डालने से ऊँचा सुनना, कान बहने में भी लाभ होता है।

गेंदा फूल के पत्ते का रस निकालकर जरा-सा गर्म करके दो बूँद डाल दें।

ब्रांडी की दो बूँद कान में डालने से कान का असह्य दर्द ठीक हो जाता है।

तुलसी पत्तों का रस निकालकर कान में डालने से कान का दर्द ठीक हो जाता है। अगर कान बहता हो, तो वह भी ठीक हो जाता है।

कानों के लिए—जब कान में अधिक दर्द हो, तो एक मटर भर चूने को एक कलछी में लेकर पानी से धो लें। उसके ऊपर शुद्ध बढ़िया सरसों का तेल डाल दें। आँच पर खूब पका लें। जब सारा पानी जल जाएगा, उस तेल को सुसुम-सुसुम कान में डालें, तुरत दर्द खत्म हो जाएगा।

एक बार मेरे कान में भयंकर दर्द था। डॉक्टर को भी दिखाकर दवा ले ली; लेकिन दर्द जा नहीं रहा था। किसी बहन ने बताया कि लहसुन को तेल में पकायें और उसे छानकर हल्का गर्म कान में डाल दें। ऐसा करके ऊपर से हाथ लगाकर खूब रगड़ दी। दो-तीन बार में ही मैं दर्द से मुक्त हो गयी।

नासा रोग में

१. नकसीर रोगी को पीठ के बल लिटाकर फिटकरी घोल की पट्टियाँ माथे और कनपट्टी पर दें।

२. साइनस के लिए—स्टीम (भाप) कभी नीम के पत्ते, कभी युकलिप्टस की बूँद या पत्ते डालकर। सुबह अदरक, सेधा नमक, गोल मिर्च की थोड़ी-थोड़ी मात्रा लेकर, पीसकर शहद में चटाये। थोड़ी देर बाद पानी में एक चम्मच शहद डालकर पिलायें। पेट साफ रहना चाहिए।

३. नासामृत—शास्त्रोक्त जड़बिन्दु तेल १० ग्राम, अरण्ड तेल १० ग्राम—दोनों को मिलाकर शीशी में रक्खें। इस नासामृत की ५-५ बूँद का नस्य प्रातः एवं सायं लेने से ही छींक आकर नाक के अदर जमा हुआ मवाद निकल जाएगा।

नकसीर आने पर नाक में २-२ बूँद नींबू का रस टपकाने से नाक से रक्त गिरना तुरत बंद हो जाता है।

प्रातः खाली पेट नित्य नारियल खाने से नकसीर आना बंद हो जाता है।

नजला-जुकाम—नजला-जुकाम में प्याज काटकर सूँघने से फायदा होता है। सुहागे को आग में फुलाकर बारीक पीस लें। आधा ग्राम गरम पानी के साथ दिन में तीन बार लेने से दूसरे ही दिन जुकाम ठीक हो जाता है।

नाक से पानी चुना—एक छोटी इलायची, एक टुकड़ा अदरक, दो रत्ती कपूर, पाँच लौंग तथा ६ तुलसी के पत्तों को पान में रखकर खाने से सर्दी-जुकाम में लाभ होता है तथा नाक से टपकनेवाला पानी बंद होकर बदन से चुस्ती आ जाती है।

छोटी पीपल—इसका चूर्ण बना लें। पीपल का पूर्ण और शहद मिलाकर चाटें। **खाँसी** में पूरा लाभ हो जाता है। जबतक ठीक न हो, लेते रहें।

अनार का छिलका उबालकर पियें। काढ़ा में भी थोड़ा अनार का रस मिलाकर पियें।

मधुमेह—१. गुड़मार बट्टी, जामुन की गुठली, करेला फल शुष्क और नमी की गुठली—इनका समभाग चूर्ण लेकर करेले के स्वरस में भावना देकर मटर के समान बटिया बनाकर रख लें। मात्र ६ बट्टियाँ एक खुराक के हिसाब से दिन में तीन बार लें। ताजा जल से ८ सप्ताह के प्रयोग से काफी लाभ मिलता है।

२. मेथी दाना ६ ग्राम लेकर कूट लें तथा शाम को पानी में भिंगो दें। प्रातः उसे खूब छाँटें और कपड़े से छानकर बिना मीठा मिलाये पी लें। दो मास सेवन करने से इस रोग से छुटकारा मिल सकता है।

याददाश्त बढ़ाने के लिए :

१. बादाम का तेल नाम में डालें।

२. तुलसी, बादाम एवं कालीमिर्च तीनों को पीसकर शहद के साथ खायें।

३. तुलसी का रस शहद के साथ लें। प्रातः ५ पत्ते तुलसी के पानी के साथ लें।

४. संतुलित आहार–जिसमें ताजे फल, सब्जियों, अंकुरित अन्न का भरपूर समावेश हो। गाय का दूध या तिलों का दूध लें। अंगुर व सेब बहुत लाभदायक है। चार-पाँच अखरोअट एवं दो अंजीर रोज चबायें। बादाम भिंगोकर अच्छी तरह चबाकर खायें।

५. ज्ञानमुद्रा लगायें।

परम पूज्य गुरुदेव की अचूक दवाइयाँ

बड़े भाग्य से गुरुदेव के द्वारा इन दवाओं के रूप में इन बीमारियों के लिए उनका मिला हुआ आशीर्वाद। हम चाहें तो पूरे देश से इन बीमारियों को उखाड़कर फेंक सकते हैं। जरूरत है हमारे मेहनत और लगन की। इनमें से कई तो मैंने अपने ऊपर आजमाये हैं–

१. दमा–दमा का ऐलोपैथी, होमियोपैथी या किसी में भी १०० प्रतिशत 'Cure' नहीं है। किन्तु गुरुदेव ने कृपा करके इतनी आसान दवा हमें बतायी है, हम चाहें तो 'दमा' को समूल देश से भगा सकते हैं।

'सीज' के एक हाथ लंबे डंठल को लंबाई की दिशा में चीरकर दोनों भागों के बीच में कई काली मिर्च देकर बाँध दें और उसके ऊपर में गीली मिट्टी साटकर गोयठे की आग में पका लें। ऐसे दो-तीन मिर्च पीसकर शहद के साथ सुबह-शाम खाने से दमा शान्त हो जाता है। इसे मैं तैयार करवा रही हूँ। मेरी माताजी एवं मेरी एक सहेली के लिए।

२. फलेरिया–यह लगभग २० वर्ष पहले मेरे बायें पैर में हो गया था। अभी २०१५ में लगभग ६२ साल की हो चुकी हूँ। उस वक्त डॉक्टर का कहना था कि इसका ऑपरेशन के सिवा कोई इलाज नहीं

है। मैंने सोचा, इतनी गोलमिर्च तो मैं नहीं खा पाऊँगी, क्या करूँ? फिर संयोग से गुरुदेव की कृपा से मुझे ऐसे लोगों से भेंट हो गयी, जिसके पाँव में यह बीमारी पुरानी थी। उसे देखकर डर के मारे मैं खाने को तैयार हो गयी और गुरुदेव की कृपा से पूरी भी की। उसके बाद मैं पूर्ण स्वस्थ हो गयी। **नियम–**

जिस दिन प्रारंभ करें उस दिन १ मिर्च खायें, दूसरे दिन दो, तीसरे दिन ३, इस तरह प्रतिदिन एक-एक मरीच की संख्या बढ़ाते जाएँ और जिस सौ मरीच पूरे हो जाएँ, उसके दूसरे दिन से ९९, तीसरे दिन ९८, इस तरह एक-एक कम मिर्च खाते हुए एक पर लौट आयें। १९९ दिन लगेंगे। बीच में एक दिन भी छूटना नहीं चाहिए। इस तरह फलेरिया ठीक हो जाता है।

३. साँप काटने पर–(क) परबल की लत्तर की जड़ को हथेली पर अंगूठे से मसलकर उसका रस निकालकर सर्पदंशित व्यक्ति की नाक के छिद्र में देने से विष उतर जाता है।

(ख) पीपल के नये पत्ते की डंटी सर्पदंशित व्यक्ति के कान में घुसाकर पकड़े रहना चाहिए। जब पत्ता कुम्हला जाय, तब उसे निकालकर फेंक देना चाहिए और फिर दूसरा देना चाहिए। इस तरह कई बार करते रहने से साँप का विष उतर जाता है। जब विष उतर जाता है, तब पत्ता नहीं कुम्हलाता है। पर सावधान! पत्ते की डंटी कान के पर्दे से न सटायें।

४. खून साफ करने के लिए–एक मिट्टी के बर्तन में दस किलो पानी में आधा किलो गुलचीन गाछ की छाल देकर, लकड़ी या गायठे की आग पर पानी को जलाएँ। जब पानी जलकर एक किलो के लगभग रह जाए, तब छाल को मथकर उसी सीटी निकाल फेंके। फिर उस पानी को जलाकर आधा किलो के लगभग करें। इस तरह बने काढ़े को ठंढा करके किसी बोतल में रख लें और सबेरे खाली पेट में आधा चम्मच पिया करें। ऐसा करने से कुछ दिनों में खून साफ हो जाता है।

५. खाँसी–गुलचीन की काढ़े की तरह हरबाकस के पत्ते का काढ़ा बनाकर सुबह-शाम काढ़े के साथ आधे चम्मच शहद का सेवन करें।

उन्नति में सहायक हो।

नोट–जरूरत के समय डाँटना भी जरूरी है; किन्तु हमें उससे तुरत बाहर निकल जाना चाहिए।

मानसिक तनाव से रोग–

१. उच्च रक्तचाप, ह्रदय रोग, दमा
२. आधे सिर का दर्द (Migrain), स्फोड लाइसिस
३. अम्लता, अनिद्रा, मधुमेह, कमरदर्द, कंधों का दर्द
४. स्थायी थकान, अवसाद, दिमागी दुर्बलता
५. कमजोर दृष्टि, बुढ़ापा, कब्ज, खाँसी-जुकाम

तनाव से मुक्ति–

१. सकारात्मक सोच, प्रातः भ्रमण, योगासन, प्राणायाम, ध्यान, शवासन एवं योगनिद्रा तनाव को दूर करने में उपयोगी है।
२. अपनी खुशियों का नियंत्रण अपने ही हाथों में रखें, न कि दूसरे के हाथों में। यदि किसी की बात से हमें तनाव होता है यानी हमारा रिमोट कंट्रोल किसी और के हाथ में है।
३. समस्याओं के समाधान की कोशिश करें।
४. कौन गलत है, कौन सही–इसकी चिंता न करें। क्या गलत है, क्या सही है इसका विचार करें।
५. आप अपने को बदल सकते हैं, दूसरों को नहीं। अतः दूसरे की दृष्टिकोण समझने की कोशिश कीजिए।
६. समय का सदुपयोग कीजिए।
७. सत्य कभी नष्ट नहीं होता, यदि आप सत्य हैं, तो किसी भी परिस्थिति में कोई चिंता करने की आवश्यकता नहीं।
८. क्षमाशील एवं सहनशील बनिये एवं सदा मुस्कुराइये।
९. बच्चों के साथ खेलें। एक विषय पर ज्यादा सोचने से चिंता बढ़ती है। रुचि के अनुसार कोई पुस्तक पढ़ लें।

विचारों का स्वास्थ पर प्रभाव :

विचारों का स्वास्थ्य पर घनिष्ठ प्रभाव पड़ता है। जो लोग विषय भोग, कामुकता, अश्लीलता के भाव मन में लाते हैं, वे कभी

उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त नहीं कर सकते। चिंता, भय, क्रोध, निराशा, असंतोष, द्वेष, दुर्भावना, लोभ, अहंकार आदि गलत विचार रोगों के प्रमुख कारण हैं।

गलत विचारों से होनेवाले रोग–चिन्ता से उक्त रक्तचाप, हृदयरोग, मधुमेह, अनिद्रा; भय से बाल सफेद एवं कम उम्र में बुढ़ापा; क्रोध से पेट तथा आँत में छाले; लोभ से अपच एवं दस्त।

सकारात्मक विचार से लाभ :

१. हर परिस्थिति में आनंद की अनुभूति होती है।
२. सबों से प्रेम होता है।
३. संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है।
४. सफलता की ऊँचाई पर पहुँचता है।
५. काम करने की क्षमता बढ़ती है।
६. निर्णय सही होता है।

सकारात्मक सोच कैसे बढ़ायें–

१. विरोधी परिस्थितियों में ही मनुष्य की परीक्षा होती है।
२. निंदक हमारा मित्र है, वह हमारी हर तरह से भलाई करता है।
३. ठोकरें ही इन्सान को जीवना सिखाती है।
४. जो भी काम करें, उसे बेहतर करने की कोशिश करें।
५. दूसरों का दोष न देखें, अपना दोष देखें।
६. दूसरों को प्रोत्साहित करते रहें।
७. सोचें, भगवान जो करता है, अच्छा करता है।
८. असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। बच्चा बार-बार गिरकर ही चलना सीखता है।

रचनात्मक सोचना–नये विचारों, नये तथ्यों या नये समाधानों की खोज करना है। रचनात्मक सोच से बुद्धि तीव्र होती है तथा मानसिक तनाव नहीं होता।

अपनी शक्तियों को विकसित कीजिए। अपनी गुत्थी आप सुलाझायें। गुत्थियों का हल अपने भीतर है। यह भूल जाइए कि दूसरे क्या कर रहे हैं तथा वही कीजिए, जिससे आप भली भाँति कर सकते

व्यक्ति के स्वास्थ्य की समस्या का हल तो मिल ही जाएगा। साथ ही देश की खाद्य समस्या का समाधान भी हो जाएगा।

भोजन कम कैसे करें–

१. अपने विवेक से निर्धारित करें।
२. भोजन खूब चबा-चबाकर खाने से शीघ्र ही तृप्ति हो जाएगी। एक व्यक्ति को अधिक खाने की आदत थी। सुझाव मानकर वह प्रत्येक ग्रास को ३२ बार चबाकर खाये, तो दो रोटी में ही पेट भर गया।
३. भोजन करते समय व्यर्थ गप न करें।
४. भोजन वैसा करें, जो रसयुक्त, स्निग्ध, शरीर को स्थिरता देनेवाला, हृदय और मस्तिष्क को शक्ति देनेवाला एवं सरलता से पचनेवाला हो। यथासंभव सात्विक भोजन करें।
५. दिन में केवल दो बार ही भोजन करने की आदत डालें।

सफेद चीनी–सफेद चीनी को अधिक मात्रा में प्रयोग में लाने से दाँतों के रोगो में वृद्धि होती है। आर्थराइटिस रोग का मुख कारण सफदे चीनी माना जाता है। इसके अधिक प्रयोग से लीवर, मधुमेह के रोग होते हैं। पेट की गड़बड़ी का मुख्य कारण चीनी है। चीनी के प्रयोग से साइनस हो जाती है। बच्चों में बढ़ रहे मानसिक रोग के पीछे उनके भोजन में चीनी का प्रचुर मात्रा में होना। स्वास्थ्य की रक्षा के लिए हम जितना कम हो सके सफेद चीनी से बचने की कोशिश करें।

नमक–नमक पचता नहीं है। इसलिए नमक के अधिक प्रयोग से प्यास बढ़ जाती है। क्योंकि शरीर नमक को पानी में घोलकर बाहर निकालता है। शरीर को प्राकृतिक खाद्यों से (फल, सब्जी, अंकुरित अनाज) आदि से नमक की काफी पूर्ति हो जाती है। खाद्यों को पकाने से प्राकृतिक नमक नष्ट हो जाता है। इसलिए केवल पकाये हुए खाद्यों में ही हल्का नमक डालना चाहिए।

ज्यादा नमक से गुर्दे तथा यकृत खराब हो जाते हैं। यह आँतों तथा पेट की अत्यन्त नाजुक त्वचा पर असर करता है।

विशेष गुणवाले पदार्थ :

तुलसी, आँवला, त्रिफला, नीम, नारियल और शहद–इन चीजों

में बेहद गुण हैं। इन्हें हमें दैनिक जीवन में प्रयोग लाना चाहिए। इन सबों में अधिक विटामिन, खनिज, लवण वगैरह पाये जाते हैं तथा औषधीय गुण से भरपूर हैं।

तुलसी रस बहुत बीमारियों के साथ ब्लड कालेस्ट्रोल को भी कम करता है। आँवला का प्रयोग करके च्यवन पुनः यौवन को प्राप्त हुए थे।

त्रिफला के सेवन

एक वर्ष तक सेवन करने से –	आलस्य से छुटकारा
दो वर्ष तक सेवन करने से –	सभी रोगों से मुक्ति
तीन वर्ष तक सेवन करने से –	नेत्रज्योति की वृद्धि
चार वर्ष तक सेवन करने से –	शरीर की सुंदरता में वृद्धि
पाँच वर्ष तक सेवन करने से –	बुद्धि का विकास
छह वर्ष तक सेवन करने से –	शरीर का शक्तिशाली होना
सात वर्ष तक सेवन करने से –	बालों का काला होना
आठ वर्ष तक सेवन करने से –	वृद्धता का यौवन में बदलना
नव वर्ष तक सेवन करने से –	नेत्रों में विशेष शक्ति
दस वर्ष तक सेवन करने से –	स्वर में सुधार
ग्यारह वर्ष तक सेवन करने से –	वाक् सिद्धि की ओर
बारह वर्ष तक सेवन करने से –	वाक्सिद्धि।

वाक्सिद्धि के लिए अष्टांग योग का होना भी आवश्यक है।

स्वस्थ जीवन के लिए क्या छोड़ें क्या, अपनाएँ

छोड़ें	**अपनायें**
१. सफेद चीनी	२. गुड़, शहद
२. मैदा, बारीक आटा	२. मोटा आटा, दलिया, अंकुरित गेहूँ
३. पॉलिश किये चावल	३. हाथ कुटे चावल
४. तली हुई सब्जियाँ	४. कच्ची तथा उबली सब्जियाँ
५. चाय, काफी	५. तुलसी, सौंफ, चोकर की चायसूप
६. पान, गुटका	६. सौंफ, इलायची
७. सुपारी, अचार, मिठाई	७. सुख आँवला, ताजी चटनी, खजूर

बिटामिन 'बी'–इस विटामिन के १८ सदस्य हैं। यह भूख को तेज करता है। पाचनशक्ति को सबल करता है। सामान्य स्वास्थ्य को उन्नत करता है।

इसके अभाव में पाचनक्रिया की गड़बड़ी, कब्ज, वजन घटना, मांसपेशियों की कमजोरी, मुँह में घाव आदि हो जाते हैं।

साधन–यह पूर्ण अन्नकण, दूध, सब्जी, चोकर, दाल, फल, सब्जियों के छिलके, अंकुरित गेहूँ, हरी मटर, शलजम, सोयाबीन, सूरजमुखी, शहद, पकाने से विटामिन 'बी' का कुछ हिस्सा नष्ट हो जाता है।

विटामिन 'सी'–यह जीवन के लिए अनिवार्य विटामिन है। यह पायरिया, स्कर्वी एवं दाँतों के रोग से रक्षा करता है। त्वचा ठीक रखता है एवं रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाता है। ग्रंथियों की क्रिया को ठीक रखने में सहायक है। यह विटामिन शरीर में इकट्ठा नहीं किया जा सकता। अतः आवश्यकतानुसार इसकी मात्रा नित्य लेनी चाहिए।

इसके अभाव में दाँतों के रोग, स्कर्वी, रक्तचाप, रक्तस्राव इत्यादि हो जाते हैं।

साधन–संतरा, नींबू, नारंगी, अमरूद, टमाटर, ताजा हरी सब्जी, स्ट्राबेरी, रसभरी, अन्नानास, पपीता, अजवायन, पत्तागोभी, मुनक्का, हरी सरसों, अंकुरित अन्न, आँवला तथा आम आदि।

विटामिन 'डी'–यह शरीर के कैल्शियम के संतुलन को ठीक रखता है। और अन्य प्राकृतिक खाद्य तथा लवण के समीकरण में सहायक होता है। शरीर में सुन्दरता, आकृति में संतुलन, दाँतों में सफेदी और मजबूती, सीने में चौड़ाई एवं हाथ-पाँव में सुन्दरता आदि की रचना में महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह सुखा रोग में भी सहायक है।

साधन–पूर्ण दूध एवं धूप में तो इसका खजाना है। बच्चों को जैतून तेल की मालिश करके धूप देना चाहिए। धूप में पकनेवाले फल काष्ठफल इत्यादि में पर्याप्त मात्रा में रहता है।

विटामिन 'ई'–संतानोत्पत्ति की क्षमता के लिए विटामिन 'ई' अनिवार्य होता है। पीयूष ग्रंथि (Pitutory Gland) की क्रिया के लिए

भी यह आवश्यक है। यह लोहा के समीकरण में भी सहायक है।

साधन–संपूर्ण अन्नकण, दूध, सब्जी, फल, काष्ठज फल, सोयाबीन के तेल में होता है। यह अंकुरित गेहूँ, मटर, मूँगफली, मूँग में विशेष रूप से होता है।

विटामिन 'के'–इसके अभाव में रक्तस्राव शुरू हो जाता है और स्कर्वी की तरह त्वचा के नीचे मांसपेशियों के अंदर और उदर में रक्तस्राव प्रारंभ हो जाता है।

साधन–हरी सब्जी, मूँगफली, गाजर की चोटी में पाया जाता है। हरी दूब में इसका भंडार है।

विटामिन 'यू'–पेट की फिल्लियों के सुरक्षा प्रदान करता है। ताजी सब्जियों तथा पत्तागोभी में सबसे ज्यादा होता है।

भोजन मेल

यह जान लेना अति आवश्यक है कि किन खाद्यों का परस्पर मेल उचित या अनुचित है। आयुर्वेद ग्रंथों में इसकी काफी चर्चा है। सुश्रुत में लिखा है कि कई पदार्थ आपस में मिलकर विष के समान हो जाता है। जैसे शहद और घी बराबर मिलाकर विष हो जाता है।

अनुचित मेल

१. दूध और दही के साथ केला,
२. दूध या दही के साथ मूली,
३. दूध के साथ दही,
४. शहद के साथ गरम जल या अन्य गर्म पदार्थ,
५. शहद और मूली,
६. खिचड़ी और खीर,
७. दूध के साथ खरबूजा, खीरा, ककड़ी,
८. उड़द और मूली,
९. दही और जामुन,
१०. दही-खरबूजा,
११. दही-पनीर,
१२. फलों के साथ सब्जियाँ,

एवं छानकर प्रयोग करना श्रेष्ठ है। इसका प्रयोग पेड़ू, पेट, छाती, माथा, आँख और सिर आदि जहाँ आवश्यकता हो कर सकते हैं।

मिट्टी द्वारा—कब्ज, बाबासीर, दस्त, हैजा, पेटदर्द, ज्वर, फेफड़ों से खून की उल्टी एवं नेत्ररोग सभी में यह चिकित्सा होती है। मिट्टी के विचित्र गुण हैं, कब्जवालों की कब्ज तोड़ती है तथा दस्तवालों के दस्त ठीक करती है।

जल चिकित्सा (Hydro Therapy)

मानव शरीर का दो तिहाई भाग पानी ही है। जो शरीर के हर भाग में विद्यमान है। जब शरीर में जल की कमी हो जाती है, तो प्यास का अनुभव होता है। अतः प्यास होने पर उचित मात्रा में शुद्ध जल अवश्य पीना चाहिए।

जल के विभिन्न प्रयोग—कटि स्नान, मेहन स्नान, रीढ़ स्नान, पैरों का गर्म स्नान, गर्म-ठंडा आनुक्रमिक स्नान, माघ स्नान आदि

जल चिकित्सा (Space Therapy)

आकाश तत्त्व पंच तत्त्वों में सबसे अधिक उपयोगी एवं प्रथम तत्त्व है। आकाश तत्त्व पंच महातत्त्वों का मूल तत्त्व है। यह सबसे सूक्ष्म होता है। शरीर में खाली स्थान आकाश तत्त्व का द्योतक है। आकाश की तरफ देखने से, आकाश के नीचे सोने से शक्ति का संचय होता है। उपवास के द्वारा हम आकाश तत्त्व का सहज उपयोग कर लेते हैं।

उपवास—उपवास के धार्मिक लक्ष्य जो भी हो; परन्तु सबसे महत्त्वपूर्ण लक्ष्य शरीर का रोग निवारण है। रोगियों के लिए यह संजीवनी के समान है। पाश्चात्य चिकित्सकों ने भी इस बात का बड़े जोरों से समर्थन किया है। हजारों रुपयों की गोलियाँ खाने से जितना लाभ न होता है, उतना लाभ थोड़े समय उपवास कर लेने से ही हो जाता है।

उपवास से लाभ—शरीर के भीतरी दूषित पदार्थों को बाहर निकालना उपवास का प्रमुख कार्य है। क्योंकि भोजन पचाने से फुर्सत मिलने के कारण हमारी जीवनी शक्ति रोग के कारणों को दूर करने में

लग जाती है। हम जानते हैं कि हमारे शरीर के भीतर भोजन पचाने की क्रिया बराबर चालू रहती है। भोजन के पोषक तत्त्व मांस, मज्जा, रक्त आदि रूपों में शरीर में मिल जाते हैं तथा शेष बचे हुए पदार्थ मल-मूत्र, कफ इत्यादि रूपों में निकल जाते हैं, फिर कुछ कारणों से दूषित पदार्थ शरीर में रह जाते हैं, जो धीरे-धीरे संचित होकर विष उत्पन्न करते हैं तथा रोगों का कारण बनते हैं। इन्हीं विषैले पदार्थों को शरीर से पूर्ण रूप से बाहर निकालने के लिए उपवास का सहारा लेना पड़ता है। जब हम भोजन करते रहते हैं, तो निकासी का कार्य दब जाता है।

उपवास के जरिये अंगों को काफी शक्ति मिल जाती है। शरीर के अंदर मंथन का काम शुरू हो जाता है। पोषक तत्त्व अलग होकर शरीर के बलवान तंतुओं में पहुँच जाते हैं। व्यर्थ के तंतुओं का एवं पहले से संचित विजातीय द्रव्यों का विघटन निकासी के अंगों में होने लगता है, जिससे वे दूषित पदार्थ शरीर के बाहर सुगमता से निकल जाते हैं।

उपवास से शरीर की क्षतिपूर्ति होती है। उन्होंने प्रकृति के सूक्ष्म और कोमल पूर्जे काम करने लगते हैं।

उपवास से शरीर के सारे पुर्जो को काफी विश्राम मिलता है, जिससे उनकी कार्यक्षमता बढ़ जाती है।

उपवास के समय शरीर का शोधन होने लगता है। हमारे शरीर में जो विजातीय जीवाणु उत्पन्न हो जाते हैं, वे जीवाणु-रोगाणु हमारे भोजन से ही भोजन लेना प्रारंभ कर देते हैं और इन जीवाणुओं में से अधिकतर जीवाणु ऐसे होते हैं, जो बिना भोजन के देर तक जीवित नहीं रह सकते हैं। अतः यदि उपवास कर लिया जाए, तो वे समाप्त होना प्रारंभ कर देते हैं। इस तरह उदर के रोगों से अनायास ही मुक्ति पायी जा सकती है। जो व्यक्ति सदैव संतुलित अपक्वाहार ही लेता है, उसे उपवास करने की इतनी आवश्यकता नहीं होती, जितना कि गरिष्ठ भोजन करनेवाले को होती है। चर्बी और अधिक प्रोटीन वाले पदार्थ खानेवालों के लिए तो यह नितांत आवश्यक है।

उपवास विधि :

दिन भर किसी प्रकार का भोजन नहीं लेना चाहिए। दिन भर

को विटामिन 'डी' की प्राप्ति होती है।

सूर्य चिकित्सा एवं वायु चिकित्सा–इस तरह प्राकृतिक इलाज में प्रकृति के पाँच तत्त्वों से ही चिकित्सा की जाती है। विशेष जानकारी के लिए प्राकृतिक स्वास्थ्य एवं योग से संपर्क कर सकते हैं।

स्वर बदलने की विधियाँ–

१. जिस नासिका से स्वर चल रहा हो, उसे दबाकर बंद करने से दूसरा स्वर चिलने लगेगा।
२. जिस तरफ का स्वर चलाना हो, उसी करवट लेटने से दूसरी तरफ का स्वर चलने लगेगा।
३. जो स्वर चलाना हो, उसे दूसरी नासिका को रूई से बंद कर दें।
४. दौड़ने, परिश्रम करने और प्राणायाम आदि से स्वर बदल जाते हैं।

स्वर ज्ञान से लाभ–जो स्वर को बार-बार बदलने में समर्थ हो जाता है, वह दीर्घजीवन और चिरयौवन प्राप्त कर सकता है।

१. किसी भी रोग में जो स्वर चलता हो, उसको बदलने से शीघ्र लाभ होता है।
२. शारीरिक थकावट में चन्दू स्वर (बायीं करवट) में लेटने से शीघ्र थकावट दूर होती है।
३. स्नायु विकार के कारण कोई भी दर्द हो, स्वर बदलने से शीघ्र लाभ होता है।
४. दमे के दौरे में स्वर बदलने से दमे का जोर कम हो जाएगा। जिस व्यक्ति का दिन में बायाँ और रात में दायाँ स्वर चलता हो, वह सदा स्वस्थ रहता है।
५. गर्भाधान के समय पुरुष का स्वर (दायीं साँस) और स्त्री का चन्दू स्वर (बायीं साँस) चलता रहे, तो उस में गर्भधारण से निश्चय ही पुत्र उत्पन्न होता है।

स्वस्थ जीवन की राह

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुर्साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥

हमारा शरीर और स्वास्थ्य :

अस्वस्थ शरीर की पहचान–

१. गहरी नींद न लगना,
२. मल पतला या गाँठ के रूप में होना,
३. भूख न लगना,
४. मिर्च-मसाले खाने की इच्छा होना,
५. त्वचा से दुर्गन्ध आना,
६. पेट का छाती से बड़ा होना,
७. खाने के बाद भारीपन और भाँति-भाँति की तकलीफें होना,
८. गंजापन, रुग्ण शरीर का परिचायक है,
९. नकारात्मक विचारों का होना,
१०. शीघ्र क्रोध आना,
११. चिड़चिड़ापन,
१२. आलस्य रहना, जल्दी थकान हो जाना।

रोगों का कारण–सभी रोगों का एक ही कारण है। वह है शरीर में विजातीय द्रव्यों का इकट्ठा होना (Toxicity)। वैसे तो प्रकृति शरीर से विजातीय द्रव्यों का निष्कासन करती रहती है, लेकिन जब विजातीय द्रव्यों का बढ़ना अधिक हो एवं विकार कम हो, तो वह संचय होना शुरू हो जाता है। विजातीय द्रव्यों के बढ़ जाने पर शरीर के अंगों के कार्य में रुकावट आ जाने से कीटाणु बढ़ने लगते हैं। वैसे तो हमारे विकारों की प्रकृति दस्त, उल्टी, जुकाम, खासी, आदि के माध्यम से बाहर निकालती रहती है, किन्तु हम दवाओं के माध्यम से इस प्रक्रिया को रोक देते हैं, तो रोग असाध्य हो जाता है। विजातीय द्रव्यों के संचित होने के कारण निम्न हैं–

१. संतुलित भोजन का अभाव,
२. क्षारीय और अम्लीय भोजन का असंतुलन,
३. मिर्च मसाले का अधिक सेवन,
४. अति आहार करना,
५. नशीले एवं रोगकारक पदार्थों का सेवन

•• समर्पण ••



'त्वदीयं वस्तु सद्गुरोः तुभ्यमेव समर्पये!'

मेरी प्रिय जीवन-संगिनी श्रीमती शीला को, जिसे प्रचलित
चिकित्सा-पद्धति से ठीक न होनेवाले विविध रोग न हुए
होते तो शायद मैं इस दैवी चिकित्सा की ओर
आकृष्ट ही न होता; एवं जिसके निरंतर
सक्रिय सहयोग के बिना मैं देश-
विदेश में शिवाम्बु प्रचार करने
में यशस्वी न हो पाता
सप्रेम समर्पित!

–वीणा अग्रवाल

•• अनुक्रमणिका ••

क्रम सं०　　विषय　　　　　　　　　　　　　　पृष्ठांक

१. प्रारंभिक दो शब्द　१
२. प्रस्तावना
३. वॉटर ऑफ लाइफ फाउन्डेशन
४. भ्रान्त धारणा : मानवमात्र की
५. मेरे निजी अनुभव, प्रयोग और अनुसंधान
६. शिवाम्बु के प्रति घृणा कैसे दूर हो?
७. शिवाम्बु-इतिहास
८. विज्ञान की दृष्टि में शिवाम्बु
९. शिवाम्बु से ठीक होनेवाले रोग
१०. स्वमूत्र-चिकित्सा पद्धति को विशद जानकारी
११. शिवाम्बु उपचार के मार्ग में आनेवाली बाधाएँ और उन्हें दूर करने के उपाय
१२. शिवाम्बु-चिकित्सा के लिए रोगों का तीन तरह से विभाजन
१३. पुराने पेशाब से मालिश करने की विधि
१४. स्वमूत्र चिकित्सा के दौरान होनेवाले प्रतिप्रभाव
१५. कुछ विशेष बीमारियों का खास उपचार
१६. त्वचा रोग
१७. आहार-संबंधी पथ्य
१८. कैन्सर के रोगियों के लिए विशेष जानकारी
१९. कैन्सर : कितना भ्रामक, कितना सत्य?
२०. शिवाम्बु-चिकित्सा के दो चमत्कारिक प्रसंग
२१. स्वमूत्र चिकित्सा के लिए उपलब्ध अस्पताल
२२. फाउन्डेशन का आवेदन-पत्र